परेशानी **हाइवे पर उड़ता धूल का बवंडर बांट रहा बीमारियां, जिम्मेदार मौन**

# रामपुर में सांसों पर खनिज का पहरा



**नवभारत, सिहोरा।** जबलपुर-कटनी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर सफर करना अब किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। गांधीग्राम के आगे रामपुर और धमधा के बीच करीब 2 किलोमीटर का हिस्सा अब 'धूल के टापू' में तब्दील हो चुका है। वैध और अवैध रूप से खनिज ढोने वाले ओवरलोड वाहनों की लापरवाही ने यहाँ के वातावरण को दमघोंटू बना दिया है।

### सड़क पर बिछी खनिज की चादर

हाइवे पर आयरन ओर, मैगनीज, लेटराइट और मुरम लेकर गुजरने वाले हाइवा और डंफर बीच सड़क पर ही खनिज गिरा रहे हैं। आलम यह है कि आधी सड़क और पटरी अब मुरम-मिट्टी की मोटी परत से ढकी हुई है। जब तक यह गिरा हुआ खनिज धूल बनकर हवा में नहीं उड़ जाता, तब तक इसे हटाने की जहमत न तो ठेकेदार उठा रहे हैं और न ही संबंधित विभाग।

### रामपुर की नई पहचान धूल का पहाड़

राहगीरों के लिए अब रामपुर क्षेत्र की पहचान 'धूल के गुबार' से होने लगी है। भारी वाहनों के गुजरते ही हवा में धूल का ऐसा बवंडर उठता है कि पीछे आने वाले वाहन चालकों का दम घुटने लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह धूल न केवल आंखों की रोशनी को प्रभावित कर रही है, बल्कि फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों को भी न्योता दे रही है।

### दोपहिया वाहन चालक और राहगीर सबसे ज्यादा त्रस्त

सड़क किनारे बस का इंतजार करने वाले ग्रामीण और दोपहिया वाहन चालकों की स्थिति सबसे दयनीय है।

हेलमेट और मास्क लगाने के बावजूद धूल की गर्द शरीर और फेफड़ों में समा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन गुजरते हैं, लेकिन इस 'सफ़ेद ज़हर' पर किसी की नज़र नहीं पड़ रही।

### रात में दुर्घटनाओं का खतरा

धूल के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) इतनी कम हो गई है कि रात के समय सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। मजबूरन वाहन चालकों को अपनी रफ्तार कम करनी पड़ती है, जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि पीछे से आने वाले वाहनों से टक्कर होने का खतरा भी हर पल बना रहता है।

## सीनियर सिटीजन ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति



**नवभारत, जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'संदेश आते हैं' गीत पर महिला सदस्यों ने भारतीय सैन्य वर्दी में प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसका निर्देशन ख्यातिप्राप्त रंगकर्मी लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया। प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और सभागार वंदे मातरम् व तालियों की गूंज से भर उठा।

कार्यक्रम में सुनीता चौहान, जसबीर चोपड़ा, अलका वर्मा, रश्मि श्रीवास्तव, सुभेन्द्र चक्रवर्ती, अनीता आहूजा, सुनीता मेहदीदत्ता, सुनीता शुक्ला, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव, राजकुमारी रैकवार, लक्ष्मी राजपूत एवं भारती जायसवाल ने नृत्य व लघु नाट्य के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम संयोजक एस.के. निगम ने आयोजन की जानकारी दी। संचालन नीरज शुक्ला ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विंग कमांडर चंदक शर्मा द्वारा किया गया।

### सुभाष वेशभूषा में आए लगभग 200 बच्चे सम्मानित

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गूंज अंतर्राष्ट्रीय संस्था एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। आयोजन में सुभाष वेशभूषा में आए लगभग 200 बच्चों को जादूगर एस के निगम द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा ऊर्जा चिंटू त्रिपाठी स्मृति को नमन किया गया तथा युवा कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा ऊर्जा मधुमेश मिश्रा को सरस्वती मां की भव्य प्रतिमा भेंट की गई। गूंज अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा जगतगुरु राघव देवाचार्य को 'युगपुरुष सुभाष चंद्र बोस सम्मान' प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती से हुआ। कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नेताजी की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन माधुरी उमेश मिश्रा एवं राजेश पाठक ने किया तथा आभार प्रदर्शन आयोजन समिति द्वारा किया गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम पाटन में चला स्वच्छता अभियान



**पाटन।** शासकीय मोहल्लाल हरगोविंदास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य समीर शुक्ला डॉ. आभा तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निधि चौबे सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विधायक अजय विश्नोई ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए युवाओं की राष्ट्रनिर्माण में भूमिका, अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक दायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने हिंदू सम्मेलन में सहभागिता करते हुए मां दुर्गा के नौ रूपों पर आधारित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं ने नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रभावशाली संदेश दिया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय द्वारा खूब सराहा गया इसी क्रम में एनएसएस की छात्राओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम, पाटन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मैदान में फैली गंदगी एवं कचरे को छात्राओं ने श्रमदान करते हुए एकत्र कर डस्टबिन में डाला। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती डॉ. रीना भैरम, डॉ. रश्मि पटेल एवं श्रीमती शक्ति बबेले का विशेष योगदान रहा।

### नशा करने ई रिक्शा चुराने वाला धराया

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने ई रिक्शा चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से चुराया हुआ ई रिक्शा जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपी ने नशा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। टीआई रितेश पाण्डेय ने बताया कि शेख तौसीफ 40 वर्ष निवासी अमखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शासकीय अस्पताल मनमोहन नगर शांति नगर के पास खड़ा उसका ई रिक्शा क्रमांक एमी 20 जेड के 0210 का अज्ञात चोर चुराकर ले गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीटीव्ही फुटेज खंगाले। इसके बाद लेमा गार्डन के पास दबिश देकर संदेही आरिफअली 35 वर्ष निवासी आयशा नगर अधारताल को पकड़ा। पूछताछ करने पर गोहलपुर अतर्गत मनमोहन नगर शांति नगर क्षेत्र से चुराना स्वीकर करते हुये बताया कि वह नशे का आदि है और नशा करने के लिये अपराध को अंजाम देता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर गांधीग्राम में सप्त शक्ति संगम का आयोजन



**नवभारत, सिहोरा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर गांधीग्राम द्वारा 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शक्ति, संस्कार और प्रेरणा के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच श्रीमती राधा विवेक चौरसिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीता बघेल द्वारा की गई। विशिष्ट वक्ता के रूप में गोसलपुर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रजनी विश्वकर्मा एवं अंजली राजपूत ने मंच साझा किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा भारतीय परंपरा के अनुसार किया गया।

### शक्ति, संस्कार और प्रेरणा पर जोर

मुख्य वक्ता श्रीमती रजनी विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में 'सप्त शक्ति' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृ शक्ति ही समाज और परिवार के निर्माण की धुरी है। उन्होंने बच्चों में संस्कार रोपण के लिए माताओं की भूमिका को रेखांकित किया। सरपंच श्रीमती राधा चौरसिया ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनने हेतु प्रेरित किया।

### 100 से अधिक महिलाओं की सहभागिता

इस संगम में ग्राम की लगभग 100 मातृ शक्तियों (महिलाओं) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को राष्ट्र निर्माण और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। विद्या भारती के सिद्धांतों के अनुरूप, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में नारी शक्ति को उनके उत्तरदायित्वों और गौरवशाली संस्कृति से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सरस्वती शिशु मंदिर गांधीग्राम के आचार्य परिवार द्वारा किया गया। अंत में सरस्वती शिशु मंदिर गांधीग्राम प्रधानाचार्य श्रीमती आशा चौरसिया ने उपस्थित सभी मातृ शक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन न केवल एक कार्यक्रम था, बल्कि ग्रामीण परिवेश में वैचारिक परिवर्तन की एक सकारात्मक पहल साबित हुआ।

## यूजीसी नियमों के विरोध में आज सिहोरा में प्रदर्शन

**नवभारत, सिहोरा।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के हालिया नियमों के विरोध में आज को सिहोरा में ज्ञापन-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को सिहोरा बस स्टैंड में सामान्य वर्ग में आने वाले समस्त जाति-समुदाय के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने एकमत से यूजीसी के नियमों को समाज को वर्गों में बांटने वाला अध्यादेश बताया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के नियमों की वर्तमान समय में कोई आवश्यकता नहीं थी। अनावश्यक रूप से समाज को खंड-खंड में बांटने से आपसी रंजिश, लड़ाई-झगड़ा और सामाजिक तनाव बढ़ने की आशंका है। सभी ने सरकार को चेताया कि यदि ऐसे नियम लागू रहे तो समाज में सौहार्द बिगड़ सकता है।बैठक में यह भी कहा गया कि कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों की मानसिकता को शैक्षणिक वातावरण में ही वर्गों में बांटना भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इससे आने वाले समय में जाति और वर्ग संघर्ष की संभावनाएं बढ़ सकती हैं जिसका सीधा असर शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक एकता पर पड़ेगा। सभी वक्ताओं ने सरकार से यूजीसी के इन नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही सिहोरा के सभी संवर्गों और समाज के लोगों से अपील की गई कि आज शुक्रवार को दोपहर 3 बजे बस स्टैंड सिहोरा पहुंचकर ज्ञापन-प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दें।

## सांदीपनि विद्यालय सिंगौद की शिक्षिका को जिला स्तरीय सम्मान मिला



**पनागर।** शासकीय सांदीपनि शास.उ.मा. विद्यालय सिंगौद में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षिका श्रीमती पूजा द्विवेदी को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु 26 जनवरी 2026 को स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तर पर श्रीमती संपतिया उइके, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। पूजा द्विवेदी द्वारा म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर महोदय जबलपुर द्वारा नामिनीत कर इन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। श्रीमती पूजा द्विवेदी को सम्मान मिलने पर प्राचार्य रत्नेश कुमार शर्मा, उपप्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा एवं अन्य शिक्षकों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनायें दी हैं।

### गोदाम से सामान चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाने में राजकुमार जैन 71 वर्ष निवासी सेठ जी की बखरी हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि बिल्डिंग निर्माण का व्यापार करता है जिससे सम्बंधित उपचोग की वस्तु विद्यसागर रोड स्थित संत नगर विद्यासागर स्कूल के पास स्थित गोदाम में रखता है। चोर वैल्डिंग मशीन, बाईब्रेट मशीन, पंप, कूलर मोटर, सैंटिंग पाईप, लिफ्ट एंगल समेत अन्य सामान चुराकर ले गए।

### खंडहर मकान से 60 लीटर शराब समेत तस्कर पकड़ाया

**जबलपुर।** घमापुर पुलिस ने चांदमारी स्थित खंडहर मकान में दबिश देकर 60 लीटर कच्ची शराब समेत तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीआई श्रीमति इंद्रा ठाकुर ने बताया कि चांदमारी में खंडहर मकान में दबिश देकर रवि ठाकुर उर्फ आर्यन ठाकुर 18 वर्ष निवासी पंचशील स्कूल के पास चांदमारी घमापुर को घेराबंदी कर पकड़ा। जिसके कब्जे से चार प्लास्टिक की कुप्पियों में 60 लीटर कच्ची शराब रखी मिली।

## अहंकार रूपी छुद्र भावना का त्याग किये बिना भारत का निर्माण संभव नहीं



**पाटन।** भारत में विद्यमान चुनौतियों का सामना करने और हिन्दू समाज की दशा और दिशा निश्चित के लिए विचार विनिमय करने के लिए हिन्दू सम्मेलन जैसे आयोजन आवश्यक हैं, उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत धर्म जागरण प्रमुख राघवेन्द्र ने पाटन में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के अवसर पर व्यक्त किए, वृंदावन से पधारी महामण्डलेश्वर ध्यान मूर्ति मां ने कहा कि हमें प्रयास करना है कि यदि हमारे घर के आसपास गौमांस बिक रहा है तो हमारा हिन्दू होना केवल औपचारिकता है। इस अवसर पर कथा वाचक साध्वी रंजना दीदी एवं पगला नंद जी महाराज ने शुभाशीष दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नीरज पटेल ने किया। इस विराट हिन्दू सम्मेलन में यादुवेंद्र सिंह, नंदकिशोर पटेल सहित हिंदू सम्मेलन संचालन समिति के कृष्णशेखर सिंह, वैभव व्यास, ब्रजेश यादव, गोलू यादव, उत्तम सिंह रामनारायण सिंह, श्रीकांत नेमा, लाल जी, मनोज पटेल, नीलेश नन्देशरिया, इंद्रकुमार पटेल, सहित विधायक अजय विश्नोई, आचार्य जगेंद्र सिंह ठाकुर रणधीर सिंह, उदयभान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बालचंद्र जैन सहित सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## निधन

### डॉक्टर राकेश आचार्य



**जबलपुर।** प्रेमसागर साहू मोहल्ला घमापुर निवासी डाक्टर राकेश आचार्य उम्र 72 का निधन हो गया। वे दिनेश आचार्य के बड़े भ्राता व रीतेश आचार्य सोनल, चंचल देवी के पिता एवं गजेन्द्र दुबे शास्त्री के बड़े मामाजी थे। अंतिम यात्रा निज निवास से आज प्रात: 11 बजे करिया पाथर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### राजेन्द्र कुमार रवि



**जबलपुर।** बेलबाग टोरिया निवासी राजेन्द्र कुमार रवि का 62 वर्ष की आयु में गुरूवार को निधन हो गया। वे स्व. श्यामलाल रवि के पुत्र थे। अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे करियापाथर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेंगी।

### नरेंद्र नामदेव



**पनागर।** आजाद वार्ड रेलवे फाटक पास निवासी नरेंद्र नामदेव 54 वर्ष का निधन हो गया आप संतोष नामदेव के छोटे भाई, साहिल नामदेव, समीर नामदेव के पिता थे। अंतिम संस्कार बलेहा तालाब स्टेडियम के पीछे शमशान घाट पर किया गया।

## गांवों में विशाल हिन्दू सम्मेलन के आयोजन किया गया









**बेलखाड़ू।** संस्कार सिटी सूरतलाई बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। ग्राम से सरपंच बाल किशन पटेल एवं शिवराज सिंह गौर ने बताया कि सर्वप्रथम कन्याओं तथा ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा निकालकर अतिथियों महाराज ब्रह्मानंद जी, आतिश जी, कथा वाचिका गुरु सुश्री गुरु प्रिया जी का स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा अपना उद्बोधन उपस्थित ग्राम वासियों को दिया गया। यह आयोजन सुरतलाई तथा संस्कार सिटी वासियों द्वारा उल्लास से किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए और हिंदू एकता हेतु शपथ भी ली। नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। इसी क्रम में ग्राम रमखिरिया, निरंदपुर में भी विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। आज बेलखाड़ू में भी हुआ विशाल सम्मेलन स्थानीय गौरवी गार्डन बेलखाड़ू में उप खंड बेलखाड़ू का विशाल हिन्दू सम्मेलन आज दोपहर में आयोजित किया गया जिसमें आस पास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामवासी पहुंचे।


**त्रयोदशी संस्कार**



अत्यंत दु:ख एवं अश्रुपूरित हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य **श्री विजय कुमार ठाकुर जी** का स्वर्गवास 27/01/2026 मंगलवार को हो गया है। दिवंगत पुण्यात्मा की चिरशांति, सद्गति एवं पुण्य स्मृति को समर्पित त्रयोदशी संस्कार, पूजन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर हमें अनुगृहित करें।

**कार्यस्थल : एम.पी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइंस, जबलपुर (म.प्र.)**

त्रयोदशी संस्कार दिनांक : 09 फरवरी 2026 समय : दोपहर 12:30 बजे से

**स्व. श्री विजय कुमार ठाकुर** शोकाकुल : श्रीमती सरोज ठाकुर, प्रशांत ठाकुर एवं समस्त ठाकुर परिवार



**स्वामी प्रज्ञानंद शिक्षा महाविद्यालय, कुल्हुआ, कटंगी-जबलपुर**

(बी.ए.बी.एड./बी.एड. हेतु एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार)

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में बी.एड./बी.ए.बी.एड. पाठ्यक्रम में परिनियम कॉलेज कोड-28 के तहत् प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिये आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी समस्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं दो छायाचित्रों के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करें।

| स.क्र. | पद विवरण | संख्या | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 01 | एम.एड. एवं स्नातकोत्तर परीक्षा 55% के साथ पी.एच.डी. शिक्षा संकाय या संबंधित विषय में नेट 7 स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण / अन्य संकाय अनुभव 10 वर्ष। |
| 02 | शिक्षा के परिपेक्ष्य में या आधारित<br>पाठ्यक्रम मनोविज्ञान<br>समाजशास्त्र | <br>01<br>01 | संबंधित विषय में 55% अंको के साथ PG एवं 55% अंको के साथ M.Ed./पी.एच.डी. शिक्षा. संकाय या संबंधित विषय में नेट स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण अनुभवी को वरीयता। |
| 03 | शिक्षण विषय-<br>गणित<br>भौतिकी<br>रसायन शास्त्र<br>हिन्दी<br>अंग्रेजी<br>इतिहास<br>अर्थशास्त्र<br>राजनीति शास्त्र | <br>01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01<br>01 | संबंधित विषय में 55% अंको के साथ PG एवं 55% अंको के साथ M.Ed./पी.एच.डी. शिक्षा. संकाय या संबंधित विषय में नेट स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण अनुभवी को वरीयता। |
| 04 | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | 01 | 55% अंको के साथ M.P.Ed. |
| 05 | निष्पादन कला( संगीत, नृत्य, रंगमंच) | 01 | 55% अंको के साथ PG (संगीत, नृत्य, रंगमंच) |

नोट :-उपरोक्त पद के लिये चयन (UGC/NCTE) के नियमों के आधार पर किया जायेगा। चयन प्रक्रिया में आरक्षण एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जायेगा। आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर स्वयं डाक द्वारा कार्यालयीन समय में उक्त योग्यताओं के प्रमाणीकरण हेतु सत्यापित दस्तावेजों के साथ जमा करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की ई.मेल. आई. डी. पर भी भेज सकते है।

ई.मेल आई.डी. www.spsmkatangi@gmail.com
मो.नं. +91-7428952136, +91-9893912312

**स्वामी प्रज्ञानंद शिक्षा महाविद्यालय**
**प्रज्ञाधाम, पो. ऑफिस- कटंगी**
**तहसील-मझौली, जिला- जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना (द्वितीय)**

N.I.T.No./PWD-16/PRO No.803 Dated : 29/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | T.ID-2026_UAD_476701_1<br>DATE- 04/02/2026 | संभाग क्र. 16 संजय गांधी वार्ड अंतर्गत हुसैन नगर में विभिन्न स्थानों पर सड़क का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | 03 माह<br>₹.8.40 लाख | 2000/-<br>8407/- | 10/02/2026 |
| 2. | T.ID-2026_UAD_476701_2<br>DATE- 04/02/2026 | संभाग क्र. 16 संजय गांधी वार्ड अंतर्गत आजाद नगर गली नं. 8 में नाला एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | 03 माह<br>₹.8.16 लाख | 2000/-<br>8164/- | 10/02/2026 |
| 3. | T.ID-2026_UAD_476701_3<br>DATE- 04/02/2026 | संभाग क्र. 16 संजय गांधी वार्ड अंतर्गत मक्का नगर में विभिन्न स्थानों पर सड़क का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुसंशा) | 03 माह<br>₹.8.04 लाख | 2000/-<br>8041/- | 10/02/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइटपर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय यंत्री (लोककर्म) कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)**
**नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 34/वर्ष 2025-26/कार्य.यं. | **निविदा सूचना** | नरसिंहपुर, दिनांक : 23/01/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई. डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (₹.लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | 2026_PWDRB_477909_1 | नरसिंहपुर | मरम्मत | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय अस्पताल गोटेगांव में मरम्मत कार्य विद्युतीकरण सहित। | 37.95 | 50,000 | 5,000 | प्रथम आमंत्रण | 03 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2. | 2026_PWDRB_477911_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल छीतापार तहसील तेन्दूखेड़ा की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 10.17 | 20,500 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 02 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3. | 2026_PWDRB_477912_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीतली तहसील तेन्दूखेड़ा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.56 | 18,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 02 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4. | 2026_PWDRB_477913_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय स्वास्थ्य विभाग पनारी तहसील बाबई चीचली में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.56 | 18,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 02 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 65.24 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने अंतिम तिथि 02/02/2026 (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर राशि (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 02/02/2026 (17:30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

जी-25020/25 | **स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता**

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग नरसिंहपुर**